CBSE Sample Paper
Hindi Set – A
Class 7

Total marks: 90

1. All questions are compulsory.

2. The question paper consists of 33 questions divided into three sections A, B and C. Section A contains 27 questions of 2 marks each.

3. Section B contains 4 questions of 4 marks each, Section C contains 2 questions of 10 marks each.

4. There is no overall choice in the paper.

Time Allotted: 3 hours **Maximum Marks: 90**

Section A

1. 'अर्थ के आधार पर' वाक्य के कितने भेद हैं?
2. 'आप चाचा जी के घर क्यों गए थे?' यह वाक्य 'अर्थ के आधार पर' वाक्य के किस भेद का उदाहरण है?
3. "जिस वाक्य से काम के न होने का ज्ञान प्राप्त हो उसे ________________ वाक्य कहते हैं।
4. 'अगणनीय' शब्द के लिए उपयुक्त वाक्यांश ________________________ है
5. 'मधु' के दो अर्थ कौन-से हैं?
6. 'मछली और शंख' अर्थों को बताने वाला एक शब्द कौन-सा है?
7. निम्नलिखित में से किस वाक्य में संज्ञा का सर्वनाम से अन्वय है?

   (क) चाय में कुछ पड़ा है |

   (ख) आपका नाम क्या है ?

   (ग) तुमने इसमें क्या देखा ?

   (घ) कविता होशियार है और खुश किस्मत भी|

8. "प्यारा बच्चा है|" इस वाक्य में कौन- सा अन्वय है?

9. 'मेघ आये बड़े बन ठन के संवर के' इस पद में कौन से अलंकार का प्रयोग किया गया है ?

10. 'यथानियम' सामासिक शब्द का सही विग्रह क्या है?

11. अव्ययीभाव समास' का उदाहरण _____________ है|

12. 'सुबोध' शब्द में किस शब्दांश का प्रयोग उपसर्ग की भाँति हुआ है?

13. "यह केला बहुत मीठा है|" इस वाक्य में आया 'केला' शब्द किस वर्ग के अंतर्गत आएगा?

14. 'वनमानुष' समस्तपद किस समास का उदाहरण है?

15. दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प 'कर्मधारय समास' का सही उदाहरण है?

(क) गौशाला – गौ के लिए शाला

(ख) जन्मांध – जन्म से अंधा

(ग) राजसभा – राजा की सभा

(घ) पनचक्की – पानी से चलने वाली चक्की

16. "सोहम दाँतों से गन्ना तोड़ता है|" इस वाक्य में क्रिया के सम्पादन का साधन कौन-सा है?

17. "दर्जी कपड़े सिलता है|" वाक्य किस काल का उदाहरण है?

18. निम्नलिखित वाक्य में से सहायक क्रिया पद छाँटिए-

"मोहन पुस्तक पढ़ रहा है।"

19. संज्ञा, सर्वनाम तथा विशेषण से बनने वाली क्रियाएँ किस क्रिया-भेद के अन्तर्गत आती है?

20. नीचे दिए विकल्पों में से असमान विकल्प की पहचान कीजिए-

(क) पर्याप्त – परिमाणवाचक

(ख) खूब – परिमाणवाचक

(ग) कम – परिमाणवाचक

(घ) लगातार – रीतिवाचक

21. 'गृहगत' समस्तपद का सही विग्रह क्या है?

22. 'द्वंद्व समास' का उदाहरण _________________ है|

23. "आपका बेटा तो <u>नवरत्न</u> है, मिश्रा जी|" प्रस्तुत वाक्य में रेखांकित शब्द किस समास का उदाहरण है?

24. कोयल की आवाज कैसी होती है?

25. "मंदिर में टन-टन घंटी बज रही है|" इस वाक्य में कौन-सा शब्द ध्वनियात्मक शब्द कहलाता है?

26. अवलोकन' शब्द में कौन सा उपसर्ग है?
27. अनुचर' में कौन सा उपसर्ग है?

(क) अप

(ख) अनु

(ग) अव

(घ) अति

Section - B

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उनके प्रश्नों के उत्तर दीजिए|

कर्म ही पूजा है|जो व्यक्ति कर्म करता है, भगवान भी उसका साथ देते हैं| कर्म ही मनुष्य के विकास की दिशा को निर्धारित करता है|कर्म ही है-जिसका प्रभाव हमारे जीवन, हमारी सोच और कहीं-न-कहीं हमारे चारो ओर के वातावरण को प्रभावित करता है|तभी तो कहा गया है - 'कर्म प्रधान विश्व रचि राखा, जो जस करहीं सो तस फल चाखा|'कर्महीन मनुष्य अपने साथ-साथ अपने परिवार के विनाश का भी कारक बनता है| वहीँ स्वाभिमानी व्यक्ति कर्म को ही धर्म मानता है|

28. इस गद्यांश में किसे पूजा कहा गया है?

29. उपरोक्त गद्यांश में जीवन पर किसके प्रभाव की बात कही गई है?

30. स्वाभिमानी व्यक्ति अपना धर्म किसे मानता है?

31. 'कर्म' के दो पर्यायवाची शब्द लिखें?

Section - C

32. 'जाको राखे साइयां, मार सके न कोय' विषय पर 80-100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखें-

33. 'मेरा पसंदिदा विषय' विषय पर 80-100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखें|